ग्वालियर से एक शादी समारोह में शामिल होकर लौट रहे एक परिवार के समीप कार की टक्कर से सड़क किनारे खड़े 55 वर्षीय तहसील खान मौत हो गई। हादसे के बाद चालक ने कार से संतुलन खो दिया,जिससे वह पलट गई और कार सवार आदित्य जैन व राहुल जैन की भी मौके पर ही मौत हो गई।

दो पुलिसकर्मियों ने किया किशोरी से गैंगरेप!

पीपुल्स संवाददाता • जबलपुर
editor@peoplessamachar.co.in

पत्नी बीनने वाली एक किशोरी से गत 5 मार्च को दो पुलिसकर्मियों ने गैंगरेप किया और घटना के कई दिन बाद भी पुलिस मामले को दबाने में जुटी है। पुलिस किशोरी को मानसिक तौर पर विक्षिप्त बताकर पल्ला झाड़ने कोशिश कर रही है। किशोरी को बिना मुलाहजा के छोड़ दिया गया।

पुलिस लाइन के निकट एक किशोरी जिसके चेहरे पर खरोंच के निशान थे तथा निर्वस्त्र हालत में रोती हुई सड़क पर आई। उसको इस हालत में देखकर दो युवतियों ने उसे रोका तथा पहनने के लिए कपड़े दिए। पूछने पर युवतियों को किशोरी ने बताया कि जब वह पन्नी बीन रही थी तभी पटिया या लाठी से एक पुलिसकर्मी ने उसके सिर पर मारा। उसके हाथ में बंदूक थी तथा उसके समीप एक और पुलिसकर्मी मौजूद था। उन्होंने निर्वस्त्र कर दुष्कर्म किया। युवतियों ने जब इस किशोरी की दास्तान सुनी तो उन्होंने तत्काल सिविल लाइन पुलिस को सूचना दी। सिविल लाइन थाने से वाहन आया और किशोरी को अपने साथ ले गई। कुछ देर घुमाने के बाद उसने किशोरी का हाईकोर्ट दरगाह के समीप छोड़ दिया।

मीडिया को न बताने धमकाया

घटनाक्रम की खबर मीडिया को लग चुकी थी। मीडियाकर्मी सिविल लाइन थाने पहुंचे तो वहां लड़की उन्हें नहीं मिली। दरगाह के समीप मीडियाकर्मियों को किशोरी मिल गई। इस किशोरी ने अपने साथ हुए दुराचार की जानकारी दी तथा बताया कि सिविल लाइन पुलिस ने धमकाया है कि वह मामले के संबंध में मीडिया से कुछ न कहे।

अनोखी रात के संगीतकार=3
वाली फिल्म=3
16 फिल्म 'बागबान' में अमिताभ की पत्नी का